कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)

E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) 233943–297943

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

रीवा, दिनांक : 20/07/2021

आ.वि./प्रवेश/सूचना/क्र.–02/131/2021

नवीन विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में संकायवार प्रवेश हेतु

सूचना क्र.–02 सत्र 2021–22

अन्य विद्यालयों से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण नवीन विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में निम्नांकित प्रतिशत के मेरिट क्रम मे संकायवार प्रवेश हेतु निम्न मापदण्ड एवं प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :–

1. योग्यता :–

स.क्र.	संकाय	उपलब्ध माध्यम	प्रतिशत	
			हिन्दी माध्यम हेतु न्यूनतम प्रतिशत	अंग्रेजी माध्यम हेतु न्यूनतम प्रतिशत
1	गणित	हिन्दी/अंग्रेजी	85%	85%
2	जीवविज्ञान	हिन्दी/अंग्रेजी	75%	75%
3	वाणिज्य	हिन्दी/अंग्रेजी	60%	60%
4	कृषि	हिन्दी	50%	-NA-

2. मापदण्ड एवं प्रक्रिया :–

- नवीन प्रवेश हेतु उक्तानुसार पात्र विद्यार्थियों को संकायवार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरना अनिवार्य है।
- नवीन प्रवेशार्थियों को उक्त प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संकाय आवंटन पात्रतानुसार पूर्णतः मैरिट के आधार पर निर्धारित सीटों पर किया जावेगा।
- पंजीकृत विद्यार्थियों को संकाय आवंटन उपरांत सीट रिक्त रहने पर उक्तानुसार न्यूनतम प्रतिशत के मापदण्ड को कम या परिवर्तित कर आवश्यकतानुसार पंजीयन प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ करने का अधिकार प्रवेश समिति को रहेगा।
- एक से अधिक विषय अथवा संकाय आवंटन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये अलग–अलग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करना होगा। **विद्यार्थियों को द्वितीय वरीयता (Second Choice) के संकाय के लिए भी पृथक रजिस्ट्रेशन करने हेतु सलाह दी जाती है ताकि मैरिट क्रम में सीट आवंटन होने से वंचित न रहना पड़े।**
- संकाय आवंटन हेतु चयनित प्रवेशार्थियों को दस्तावेजों का सत्यापन करने के उपरांत ऑनलाइन निर्धारित अवधि में एडमिशन फार्म एवं शुल्क जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।
- मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को संकाय आवंटन उपरांत किसी भी संकाय में संस्थागत विद्यार्थियों की कोई सीट रिक्त रहती है तो उन सीटों की पूर्ति करने हेतु नवीन प्रवेश की सीटों की संख्या में वृद्धि करने का अधिकार प्रवेश समिति के पास रहेगा।
- संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://modelhssrewa.org.in/ एवं mponline पोर्टल की लिंक https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA पर उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन फार्म का शुल्क `100/- ऑनलाइन जमा करना होगा तथा पोर्टल शुल्क अलग से mponline को देय होगा।

3. समय सारणी :–

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि एवं समय	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक बंद होने की तिथि	पंजीकृत आवेदकों की मैरिट सूची एवं प्रवेश सूची के प्रकाशन की तिथि	नवीन प्रवेश हेतु चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये एडमिशन फार्म जमा करने एवं दस्तावेजों के सत्यापन की अवधि	नवीन प्रवेशार्थियों द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि
21.07.2021	27.07.2021	29.07.2021 को सायं 5:00 बजे पश्चात	30.07.2021 को प्रातः 11:00 बजे से 31.07.2021 को सायं 5:00 बजे तक	30.07.2021 को दोपहर 12:00 बजे से 05.08.2021 को सायं 5:00 बजे तक

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स रीवा (म.प्र.)

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)